आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती ने कल द्वीपसमूह के उपराज्यपाल से मुलाकात कर चल रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।
2. उप–राज्यपाल के निर्देशानुसार मरीजों को अपने इलाज के लिए सर्जिकल सामान बाहर से न खरीदने की सलाह दी गई है।
3. पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशुपालकों को 'पशु औषधि विक्रय केंद्र पर जेनेरिक दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही है।
4. आकाशवाणी और दूरदर्शन, श्री विजयपुरम में संयुक्त रूप से आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह कल आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव, ज्ञानेश भारती ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात कर उन्हें प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न चालू कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। बैठक के दौरान, उपराज्यपाल के समक्ष जनता द्वारा उठाए गए मुद्दों को मुख्य सचिव के ध्यान में लाया गया और उनसे संबंधित विभागों को इन समस्याओं से जुड़े कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया। मुख्य सचिव को कार्य पूर्ण होने के बाद उनका भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर, बिजली विभाग ने विभिन्न एलएनजी आधारित बिजली संयंत्रों की प्रगति और बिजली क्षेत्र की प्रमुख पहलों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। इसी क्रम में, जनजातीय परिषद, कार निकोबार के चीफ कैप्टन, कैप्टन लियोनेल निकोमेड के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात की और द्वीप की प्रमुख विकासात्मक आवश्यकताओं पर चर्चा की। उपराज्यपाल ने संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने तथा उठाए गए मुद्दों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। इसी श्रृंखला में, उपराज्यपाल से भाजपा के पूर्व संगठन सचिव विवेक दाढाकर, भारत भारती के राष्ट्रीय समन्वयक सेवानिवृत्त कैप्टन दविंदर सिंह गहलोत और भारत भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय पत्राले ने भी शिष्टाचार मुलाकात की।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल के जी.बी. पंत अस्पताल दौरे के दौरान बताया गया कि सर्जिकल उपचार की आवश्यकता वाले मरीजों को आवश्यक सर्जिकल सामान बाहर से खरीदने की सलाह दी जा रही है। इस संबंध में आम जनता से कहा गया है कि नियमित रूप से उपयोग होने वाले आवश्यक सर्जिकल सामान स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के तहत आने वाले स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध हैं। इसलिए, मरीजों को सलाह दी जाती है कि वे अपने इलाज के लिए सर्जिकल सामान खुद बाहर से न खरीदें। यदि किसी मरीज को इस प्रकार की सामग्री बाहर से खरीदने के लिए कहा

जाता है, तो वे प्रासंगिक विवरण के साथ इस मामले की रिपोर्ट तुरंत स्वास्थ्य सेवा निदेशक के पास कर सकते हैं। उपराज्यपाल के निर्देशों का पालन करते हुए सभी अस्पताल अधिकारियों और उपचार करने वाले डॉक्टरों को एक परिपत्र जारी किया गया है, जिसमें उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी मरीज को इलाज के लिए आवश्यक सर्जिकल सामान बाहर से खरीदने की सलाह न दें तथा परिपत्र में निर्धारित प्रक्रियाओं और निर्देशों का सख्ती से पालन करें ।

<><><><><><><><>

उपराज्यपाल के निर्देशों का पालन करते हुए शहीद द्वीप में महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा तकनीकों, आत्मविश्वास तथा जागरूकता से सशक्त बनाने के उद्देश्य से कल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम "अपराजिता" की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम पंचायत प्रधान, पिंकी दास ने किया। पूरा प्रशिक्षण उप–निरीक्षक पी. जीवन की देखरेख में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला बैच 16 अक्टूबर, तक चलेगा, जिसमें 85 महिलाएं और लड़कियां भाग ले रही है।

<><><><><><><><>

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफ एस एस ए आई ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे आने वाले त्योहारों के मौसम में मिलावटी और असुरक्षित भोजन के खिलाफ़ विशेष अभियान चलाएं। एफ एस एस ए आई ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आयुक्तों और अपने क्षेत्रीय निदेशकों को पत्र लिखकर त्योहारों के दौरान खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और मिलावट रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा है।

<><><><><><><><>

भारत सरकार ने पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक नई योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के पशुपालकों के लिए गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा दवाओं को किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है। 'पशु औषधि विक्रय केंद्र' नाम से शुरू किए जा रहे इन दवा स्टोरों पर जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाएं बेची जाएंगी। पंजीकृत प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र और सहकारी समितियां इन केंद्रों को खोल सकती हैं। आवेदकों के पास कम से कम 120 वर्ग फुट की जगह, बी.फार्मा या डी.फार्मा डिग्री धारक एक पंजीकृत फार्मासिस्ट और राज्य औषधि नियंत्रण प्राधिकरण से वैध औषधि बिक्री लाइसेंस होना अनिवार्य है। प्रत्येक राजस्व ब्लॉक में केवल एक केंद्र की अनुमति होगी, जिसमें बड़ी पशुधन आबादी वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदकों को इसके लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इन केंद्रों पर केवल PMBI द्वारा आपूर्ति की गई दवाएं ही बेची जा सकती हैं, और सभी बिलिंग आधिकारिक पॉइन्ट–ऑफ–सेल सिस्टम के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक 5 हजार रूपये शुल्क के साथ पशुपालन और डेयरी विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><><>

आकाशवाणी और दूरदर्शन, श्री विजयपुरम में संयुक्त रूप से आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह कल दिन में 11 बजे आकाशवाणी के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कार्मिक, राजस्व, प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण सचिव सतनाम सिंह मुख्य अतिथि, सहायक सचिव राजेश्वर लाल सम्माननीय अतिथि, जबकि अवकाश प्राप्त कार्यक्रम निष्पादक मुमताज़ बानो विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप–महानिदेशक, अभियांत्रिकी एवं कलस्टर और कार्यालय प्रमुख सी. सुब्बा राव करेंगे।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में ब्रॉडकास्ट असिस्टेंट के अस्थाई पैनल हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में आवेदन जमा करने की तिथि अब बढ़ाकर बीस अक्तूबर कर दी गई है। 40 वर्ष आयु वर्ग से कम स्नातक उम्मीदवार, जिन्हें हिन्दी व अंग्रेजी भाषा के साथ कम्प्यूटर का ज्ञान हो और वे नगरपालिका क्षेत्र के निवासी हो, वे इस पैनल के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र आकाशवाणी के ड्यूटी रूम में उपलब्ध है।

<><><><><><><>

कार निकोबार के बी.जे.आर. अस्पताल में कल 'आपदा प्रबंधन में मनोसामाजिक देखभाल' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपदाओं के दौरान प्रभावी ढंग से कार्य करने तथा प्रभावित व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों को उचित मनोसामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में बी.जे.आर. अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ग्रेस, स्वास्थ्य कर्मियों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य शिक्षकों और एएनएम ने भाग लिया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी, होम्योपैथी डॉ. मोहम्मद शफीक, ने आपदा और आपदा तैयारियों तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीजी पॉल ने आपदा प्रबंधन में मनोसामाजिक देखभाल विषय पर अपने विचार रखे।

<><><><><><><>